This Question Paper consists of 58 questions [Section–A (25) + Section–B (15+9+9)] and 32 printed pages.

इस प्रश्न-पत्र में 58 प्रश्न [खण्ड–अ (25) + खण्ड–ब (15+9+9)] तथा 32 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No.
अनुक्रमांक

**Code No.** **67/TUS/2**
**कोड नं०**

**Set / सेट** **A**

# SOCIOLOGY
# समाजशास्त्र
# (331)

Day and Date of Examination ..........................................
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. ..........................................
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. ..........................................

***General Instructions :***

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Code No. 67/TUS/2, Set A on the Answer-Book.
5. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Odia, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the questions will be yours only.



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

***सामान्य अनुदेश :***

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं० 67/TUS/2, सेट A लिखें।

5. (क) प्रश्न-पत्र केवल हिन्दी/अंग्रेजी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

# SOCIOLOGY

## समाजशास्त्र

## (331)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

*Note* : (i) This Question Paper consists of 49 questions in all.

(ii) *All* questions are compulsory.

(iii) Marks are given against each question.

(iv) **Section—A** consists of Question Nos. **1** to **25** and **Section—B** consists of Question Nos. **26** to **49**.

(a) Question Nos. **1** to **17** and **41** to **43**—are Multiple-choice questions (MCQs) carrying *1* mark each (1×20=20). Select and write the most appropriate option (A, B, C or D). An internal choice has been provided in some of these questions. You have to attempt only one of the given choices in such questions.

(b) Question Nos. **18** to **25** and **44** to **47**—are other Objective-type questions. Q. Nos. **18**, **19** and **21** carry *2* marks (with 2 sub-parts of *1* mark each) and Q. No. **20** carries *5* marks (with 5 sub-parts of *1* mark each), Q. No. **22** carries *3* marks (with 3 sub-parts of *1* mark each), Q. Nos. **23**, **24** and **25** carry *4* marks (with 4 sub-parts of *1* mark each), as well as Q. Nos. **44** to **47** carry *1* mark each. Attempt as per the instructions given therein with each such question at **18** to **25** and **44** to **47**.

(v) **Section—B** at numbers **26** to **49** consists of descriptive-type questions as follows :

(a) Question Nos. **26** to **31** and **48**—are Very short answer-type questions carry *2* marks each (2×7=14), to be answered in the range of *80* to *120* words.

(b) Question Nos. **32** to **38**—are Short answer-type questions, carry *3* marks each (3×7=21), to be answered in the range of *150* to *200* words.

(c) Question Nos. **39**, **40** and **49**—are Long answer-type questions carry *5* marks each (5×3=15), to be answered in the range of *400* to *500* words.

(vi) For Optional Module, attempt all questions either from Optional Module—I or Optional Module—II.

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 49 प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

(iv) **खण्ड—क** में प्रश्न संख्या **1** से **25** तक तथा **खण्ड—ख** में प्रश्न संख्या **26** से **49** तक हैं।

(a) प्रश्न संख्या **1** से **17** एवं **41** से **43** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, प्रत्येक का *1* अंक है (1×20=20)। सबसे उपयुक्त विकल्प (A, B, C या D) चुनकर लिखिए। कुछ प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प दिया गया है। ऐसे प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर दीजिए।

(b) प्रश्न संख्या **18** से **25** एवं **44** से **47** अन्य वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या **18, 19** एवं **21** में प्रत्येक के *2* अंक हैं (*1* अंक वाले 2 उप-भागों सहित) एवं प्रश्न संख्या **20** के *5* अंक हैं (*1* अंक वाले 5 उप-भागों सहित), प्रश्न संख्या **22** के *3* अंक हैं (*1* अंक वाले 3 उप-भागों सहित), प्रश्न संख्या **23, 24** एवं **25** में प्रत्येक के *4* अंक हैं (*1* अंक वाले 4 उप-भागों सहित), प्रश्न संख्या **44** से **47** में प्रत्येक का *1* अंक है। इन प्रश्नों के उत्तर **18** से **25** तथा **44** से **47** में दिए गए निर्देशानुसार दीजिए।

(v) **खण्ड—ख** में प्रश्न संख्या **26** से **49** तक वर्णनात्मक प्रश्न हैं :

(a) प्रश्न संख्या **26** से **31** एवं **48** अति लघूत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक के *2* अंक हैं (2×7=14), प्रत्येक का उत्तर *80* से *120* शब्दों की सीमा के अंदर दीजिए।

(b) प्रश्न संख्या **32** से **38** लघूत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक के *3* अंक हैं (3×7=21), प्रत्येक का उत्तर *150* से *200* शब्दों की सीमा के अंदर दीजिए।

(c) प्रश्न संख्या **39**, **40** एवं **49** दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक के *5* अंक हैं (5×3=15), प्रत्येक का उत्तर *400* से *500* शब्दों की सीमा के अंदर दीजिए।

(vi) वैकल्पिक मॉड्यूल के लिए, वैकल्पिक मॉड्यूल—I अथवा वैकल्पिक मॉड्यूल—II के सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(1) Answers of all questions are to be given in the Answer-Book given to you.
सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 2:15 p.m. From 2:15 p.m. to 2:30 p.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the Answer-Book during this period.
इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2:15 बजे किया जाएगा। दोपहर 2:15 बजे से 2:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

## SECTION—A
## खण्ड—क

Answer *all* multiple-choice questions : 1×17=17

**सभी** बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**1.** *(i)* Which among the following is a feature of a community? 1

(A) It is associated with a definite territory

(B) Sense of belongingness is stronger


Unnati Educations
9899436384, 9654279279

(C) It is a concrete entity

(D) All of the above

निम्न में से समुदाय की विशेषता कौन-सी है?

(A) एक निश्चित क्षेत्र से संबंधित

(B) अपनेपन की मजबूत भावना

(C) एक मूर्त अस्तित्व

(D) उपर्युक्त सभी

*Or / अथवा*

*(ii)* In sociology, society refers to a sum total of _____ existing between individuals.

(A) relationships (B) institutions

(C) associations (D) communities

समाजशास्त्र में समाज व्यक्तियों के बीच बन रहे _____ के योग की ओर संकेत करता है।

(A) संबंधों (B) संस्थाओं

(C) संघों (D) समुदायों

**2.** *(i)* Which among the following is a feature of a socialist society as stated by Marx? 1

(A) Ideal society

(B) No classes

(C) No struggle

(D) All of the above

निम्न में से मार्क्स द्वारा बताई गई समाजवादी समाज की विशेषता कौन-सी है?

(A) आदर्श समाज

(B) वर्गों का वर्गीकरण न हो

(C) कोई संघर्ष न हो

(D) उपर्युक्त सभी



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

*Or* / *अथवा*

*(ii)* When non-material culture does not adjust readily to material changes, it results in

(A) diffusion (B) acculturation

(C) cultural lag (D) isolation

जब अभौतिक संस्कृति शीघ्रता से भौतिक परिवर्तनों से तालमेल नहीं रख पाती, तब उसका नतीजा _____ होता है।

(A) प्रसार (B) संस्कृति-संक्रमण

(C) सांस्कृतिक पिछड़ापन (D) एकांत

**3.** Elections are a form of political communication between the

(A) people

(B) political parties

(C) government and the governed

(D) None of the above 1

चुनाव (निर्वाचन) _____ के बीच एक राजनैतिक संवाद कायम करते हैं।

(A) लोगों

(B) राजनैतिक पार्टियों

(C) शासक और शासित

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**4.** Which of the following is an important feature of urban societies? 1

(A) Marriage (B) Kinship

(C) Anonymity (D) Personality

निम्न में से नगरीय समाज की सबसे महत्त्वपूर्ण विशेषता कौन-सी है?

(A) विवाह (B) नातेदारी

(C) गुमनामी (D) व्यक्तित्व



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

**5.** Which of the following is created by people for a specific goal? 1

(A) Association (B) Society

(C) Community (D) Neighbourhood

निम्न में से क्या लोगों के द्वारा अपने विशिष्ट लक्ष्य की पूर्ति के लिए बनाया गया है?

(A) संघ (B) समाज

(C) समुदाय (D) पड़ोस

**6.** *(i)* Kins may not always be related by blood or marital ties rather there might be imaginary relationships called

(A) consanguineal

(B) affinal

(C) fictive

(D) None of the above 1

नातेदार हमेशा एक-दूसरे से रक्त या विवाह द्वारा जुड़े नहीं होते हैं अपितु कई बार बोलचाल में इन्हें नातेदार माना जाता है। ऐसे नातेदार _____ कहलाते हैं।

(A) समरक्त

(B) वैवाहिक

(C) काल्पनिक

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

*Or / अथवा*

*(ii)* Mention the degree of kinship for example—Father's brother's wife, father's sister's husband, etc., from those given below.

(A) Primary (B) Secondary

(C) Tertiary (D) Cousins

नातेदार की निकटता के आधार पर दिए गए उदाहरण का प्रकार बताइए, उदाहरण—पिता के भाई की पत्नी, पिता की बहन का पति, इत्यादि।

(A) प्राथमिक (B) द्वितीयक

(C) तृतीयक (D) भाई-बहनों के बच्चे



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

**7.** As per 2001 Preliminary Census Report, literacy rate in our country is

(A) 62% (B) 64%

(C) 65% (D) 33% 1

सन् 2001 की प्राथमिक जनगणना रिपोर्ट के अनुसार, हमारे देश में _____ लोग साक्षर हैं।

(A) 62% (B) 64%

(C) 65% (D) 33%

**8.** *(i)* The first education policy in our country was formulated in

(A) 1960 (B) 1980

(C) 1784 (D) 1967 1

हमारे देश में पहली शिक्षा नीति सन् _____ में लागू की गई।

(A) 1960 (B) 1980

(C) 1784 (D) 1967

*Or / अथवा*

*(ii)* As per the 1991 Census Report among States and Union Territories, which State has the highest literacy rate?

(A) Orissa (B) Bihar

(C) Kerala (D) Karnataka

सन् 1991 की जनगणना रिपोर्ट के अनुसार, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में से किस राज्य की साक्षरता दर सबसे ऊँची थी?

(A) ओडिशा (B) बिहार

(C) केरल (D) कर्नाटक


Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**9.** Identify the factor that is ***not*** correct about class as a system of social stratification. 1

(A) Non-hereditary

(B) Does not permit mobility

(C) Endogamy is not strictly practised

(D) Achievement and skills are important

निम्न में से उस कारण को चुनिए, जो सामाजिक स्तरीकरण की एक प्रणाली के रूप में वर्ग के बारे में सही **नहीं** है।

(A) गैर-वंशानुगत

(B) अपने वर्ग से ऊपर उठने की मनाही

(C) सगोत्र विवाह का गंभीरता से पालन न करना

(D) उपलब्धियाँ और कौशल महत्त्वपूर्ण हैं

**10.** *(i)* Choose from the following the term that defines rules and norms that are laid down by society for the conduct of its members. 1

(A) Laws (B) Mores

(C) Customs (D) Traditions

निम्न में से उस टर्म को चुनिए जो समाज द्वारा समाज के सदस्यों के आचरण के लिए निर्धारित नियमों और मानदंडों को परिभाषित करता है।

(A) कानून (B) आचार-विचार

(C) प्रथाएँ (D) परम्पराएँ

*Or / अथवा*

*(ii)* Ferdinand Tonnies, a German sociologist, coined which of the following terms?

(A) Bourgeoise

(B) Gemeinschaft

(C) Gesellschaft

(D) Both (B) and (C)



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

एक जर्मन समाजशास्त्री फर्डिनेन्ड टोनीज़ ने किसकी बात की थी?

(A) पूँजीपति वर्ग

(B) जैमिनशाफ्ट

(C) जेसेलशाफ्ट

(D) (B) और (C) दोनों

**11.** *(i)* One of the major issues which India is facing is

(A) illiteracy (B) population explosion

(C) dowry (D) alcoholism 1

भारत जिन प्रमुख मुद्दों का सामना कर रहा है, उनमें से एक है

(A) निरक्षरता (B) जनसंख्या विस्फोट

(C) दहेज (D) ऐल्कोहॉलिज्म

*Or / अथवा*

*(ii)* Dowry, nepotism, dishonesty, etc., are which of the following forms of corruption?

(A) Social (B) Political

(C) Administrative (D) Professional

दहेज, भाई-भतीजावाद, बेईमानी इत्यादि किस प्रकार के भ्रष्टाचार हैं?

(A) सामाजिक (B) राजनीतिक

(C) प्रशासनिक (D) व्यावसायिक

**12.** Which of the following defines the contextual view or field view of the Indian social system? 1

(A) Jati

(B) Varna

(C) Caste

(D) None of the above



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

निम्न में से कौन-सा भारतीय सामाजिक व्यवस्था के प्रासंगिक दृष्टिकोण या क्षेत्र दृष्टिकोण को परिभाषित करता है?

(A) जाति

(B) वर्ण

(C) कास्ट

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**13.** *(i)* Daniel in his study of racial discrimination wished to discover the extent of racial discrimination in

(A) Britain (B) France

(C) India (D) South Africa 1

जाति भेदभाव के अपने शोध में डेनियल ने जातीय भेदभाव की सीमा का पता _____ में लगाना चाहा।

(A) ब्रिटेन (B) फ्रांस

(C) भारत (D) दक्षिण अफ्रीका

*Or / अथवा*

*(ii)* A society cannot be fully understood without comparing with other

(A) people

(B) institutions

(C) societies

(D) None of the above

एक समाज का पूर्ण अध्ययन तब तक नहीं किया जा सकता है जब तक उसकी तुलना दूसरे _____ से न की जाए।

(A) लोगों

(B) संघों

(C) समाजों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**14.** Through the introduction of which of the following systems local self-governments have been created in the villages? 1

(A) Panchayati Raj

(B) Judicial system

(C) Reservation system

(D) None of the above

किस प्रणाली की शुरुआत के माध्यम से गाँवों में स्थानीय स्वशासन का निर्माण किया गया है?

(A) पंचायती राज

(B) न्यायपालिका प्रणाली

(C) आरक्षण प्रणाली

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15.** *(i)* Which of the following groups is ***not*** an integral part of the caste system? 1

(A) Scheduled Castes (B) Scheduled Tribes

(C) Backward Classes (D) OBCs

निम्न में से कौन-सा समूह जाति प्रणाली का आंतरिक अंग **नहीं** है?

(A) अनुसूचित जातियाँ (B) अनुसूचित जनजातियाँ

(C) पिछड़े वर्ग (D) अन्य पिछड़े वर्ग

*Or / अथवा*

*(ii)* Scheduled Tribes have been conscious of their identity since long, so they organized movements against

(A) Zamindars

(B) Jagirdars

(C) British rule

(D) All of the above



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

बहुत समय से अनुसूचित जनजातियाँ अपनी पहचान के लिए चेतन रही हैं, इसलिए उन्होंने _____ के खिलाफ आंदोलन चलाए।

(A) जमींदारों

(B) जागीरदारों

(C) ब्रिटिश राज

(D) उपर्युक्त सभी

**16.** Which of the following groups were ***not*** allowed to Sanskritize their status? 1

(A) Brahmins

(B) Untouchables

(C) High castes

(D) None of the above

निम्न में से किस समूह को अपने स्तर (प्रस्थिति) को संस्कृतीकरण करने की इजाजत **नहीं** है?

(A) ब्राह्मण

(B) अछूत

(C) उच्च जातियाँ

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**17.** *(i)* A neighbourhood or a village is good example of which of the following? 1

(A) Community (B) Society

(C) Urbanization (D) Association

एक पड़ोस या गाँव निम्न में से किसका बहुत अच्छा उदाहरण है?

(A) समुदाय (B) समाज

(C) शहरीकरण (D) संघ



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

*Or / अथवा*

*(ii)* A society is a collection or aggregation of individuals. This definition is given by

(A) sociologist

(B) political scientist

(C) layman

(D) anthropologist

एक समाज को व्यक्तियों के समूह या समुच्चय के रूप में निम्न में से किसने परिभाषित किया?

(A) समाजशास्त्री

(B) राजनैतिक वैज्ञानिक

(C) साधारण व्यक्ति

(D) मानवशास्त्री

**18.** Fill in the blanks (any *two*) : 1×2=2

*(a)* The relationship between son-in-law and father-in-law is an example of _____.

(consanguineal/affinal/avunculocal/descriptive)

*(b)* In terms of degree of kinship, the primary kins of our first degree kins are our _____ kins.

(primary/secondary/tertiary/affinal)

*(c)* Kinship terms which are used by us for indirectly referring to a person are known as kinship _____.

(terms of address/elementary terms/derivative terms/terms of reference)

किन्हीं **दो** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(क) दामाद और ससुर की नातेदारी _____ का उदाहरण है।

(समरक्त/वैवाहिक/मातुल/विवरणात्मक)

(ख) निकटता पर आधारित नातेदारी के अनुसार हमारे प्रथम कोटि के नातेदार के प्राथमिक नातेदार हमारे _____ नातेदार होते हैं।

(प्राथमिक/द्वितीयक/तृतीयक/वैवाहिक)

(ग) नातेदारी पद, जिनका उपयोग हम किसी अप्रत्यक्ष व्यक्ति के लिए करते हैं उन्हें _____ कहते हैं।

(सम्बोधन के तरीके/प्रारम्भिक पद/कृत्रिम पद/संदर्भसूचक पद)



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**19.** Fill in the blanks (any *two*) : 1×2=2

*(a)* Simple tribal societies do not have any rigid _____.

(system/institution/social stratification/kinship ties)

*(b)* The form of religion where tribals worship any non-living body like a stone or wood is known as _____.

(totemism/naturism/animatism/animism)

*(c)* Tribals feel they are the sons of soil hence they have a strong sense of _____ identity.

(caste/ethnic/religious/linguistic)

किन्हीं **दो** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(क) सरल आदिवासी समाज में कोई कठोर _____ नहीं होता।

(प्रणाली/संस्था/सामाजिक स्तरीकरण/नातेदारी संबंध)

(ख) धर्म का वह रूप, जहाँ आदिवासी किसी जड़ पदार्थ जैसे पत्थर या लकड़ी को पूजते हैं, उसे _____ के नाम से जाना जाता है।

(टोटेमवाद/प्रकृतिवाद/चेतनवाद/जीववाद)

(ग) आदिवासी अपने आप को मिट्टी की संतान मानते हैं इसलिए उनके अंदर एक मजबूत _____ पहचान की भावना है।

(जाति/जातीय/धार्मिक/भाषाई)

**20.** Fill in the blanks any *five* of the following (write in *one* word) : 1×5=5

*(a)* Joint family where extension of the family is along horizontal lines is _____.

*(b)* Kibbutz is a unique family system found in _____.

*(c)* A family grouping made of husband-wife and relatives on both sides is _____.

*(d)* The term which applies to only one particular kin category is known as _____.

*(e)* The term that describes a person's bilateral set of relatives is _____.



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

(f) The kinship usage in which two kinsmen do not address each other directly rather through a third person or symbol is _____.

(g) A set of kins who traces their descent from a common ancestor through known links is _____.

निम्न में से किन्हीं **पाँच** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (एक शब्द में लिखिए) :

(क) संयुक्त परिवार, जो विस्तृत है और इसमें परिवार के भाई एक ही छत के नीचे रहते हैं, है _____।

(ख) किबुट्ज एक अनोखी परिवार प्रणाली है जो _____ में पाई जाती है।

(ग) ऐसे परिवार का समूह, जिसमें पति-पत्नी और दोनों तरफ के रिश्तेदार हों, है _____।

(घ) वह पद, जो किसी एक विशेष नातेदारी की श्रेणी पर लागू होता है, है _____।

(ङ) एक व्यक्ति के मातृ और पितृ दोनों वंशक्रमों को दर्शाने वाला पद _____ कहलाता है।

(च) दो नातेदारों के बीच जब कोई प्रत्यक्ष रूप से बातचीत नहीं होती है, बल्कि तीसरे व्यक्ति के माध्यम से सम्बोधन होता है, तो उसे _____ कहते हैं।

(छ) एक ऐसे नातेदारों का समूह, जो एक समान पूर्वज अथवा वंश से परिचित कड़ियों के माध्यम से संबद्ध होते हैं, है _____।

**21.** Write True or False (any *two*) : 1×2=2

(a) Rhythms of nature, cycle of night and day, seasons of sowing, reaping, harvesting, etc., are examples of fluctuating change.

(b) Conflict theory states that every pattern of action, belief and interaction tends to generate an opposing reaction.

(c) Social change is a universal process.

सही या गलत लिखिए (कोई **दो**) :

(क) प्रकृति की लय, रात और दिन का चक्र, बुआई, कटाई के मौसम आदि उतार-चढ़ाव (दोलायमान परिवर्तन) के प्रतीक हैं।

(ख) संघर्ष के सिद्धांत के अनुसार प्रत्येक प्रकार की क्रिया, विश्वास और अन्तर्क्रिया एक विपरीत प्रतिक्रिया को जन्म देने का प्रयत्न करती है।

(ग) सामाजिक परिवर्तन एक विश्वव्यापी प्रक्रिया है।


Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**22.** Write True or False (any *three*) : 1×3=3

*(a)* Every group is structurally organized.

*(b)* Nomenclature is not a characteristic of a social group.

*(c)* Family as an association is a group whereas an institution family is not a group.

*(d)* Based on the presence or absence of formal rules, groups can be defined as formal or informal.

*(e)* Open groups are those where membership is not voluntary.

सही या गलत लिखिए (कोई **तीन**) :

(क) प्रत्येक समूह संरचनात्मक रूप से संगठित है।

(ख) नामपद्धति सामाजिक समूह की विशेषता नहीं है।

(ग) परिवार एक समिति के रूप में एक समूह है जबकि एक संस्था के रूप में समूह नहीं है।

(घ) किसी औपचारिक नियम की उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति में समूह को औपचारिक या अनौपचारिक समूह में परिभाषित किया जा सकता है।

(ङ) खुला समूह वह है जिसकी सदस्यता ऐच्छिक नहीं होती है।

**23.** Answer any *four* (Assertion, Reasoning) : 1×4=4

किन्हीं **चार** के उत्तर दीजिए (दावा, तर्क) :

*(i)* Based on the following, identify the correct option :

Assertion (A) : The direction of evolution cannot be reversed from the complex stage to the simple stage.

Reason (R) : Evolution is an irreversible process.

(A) (A) is true, but (R) is false

(B) (A) is false, but (R) is true

(C) Both (A) and (R) are true

(D) Both (A) and (R) are false



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

निम्न के आधार पर सही विकल्प को पहचानिए :

दावा (A) : क्रमिक विकास की गतिशील दिशा जटिल स्थिति से साधारण की ओर नहीं लौटाई जा सकती।

तर्क (R) : क्रमिक विकास एक अपरिवर्तनीय प्रक्रिया है।

(A) (A) सही है, पर (R) गलत है

(B) (A) गलत है, पर (R) सही है

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं

*(ii)* Based on the following, identify the correct option :

Assertion (A) : Social change is not a value-neutral phenomenon.

Reason (R) : Subjective preference of different people is not given importance while studying social change.

(A) (A) is true, but (R) is false

(B) (A) is false, but (R) is true

(C) Both (A) and (R) are true

(D) Both (A) and (R) are false

निम्न के आधार पर सही विकल्प को पहचानिए :

दावा (A) : सामाजिक परिवर्तन मूल्य-तटस्थ प्रक्रम नहीं है।

तर्क (R) : विभिन्न लोगों की विषयगत या व्यक्तिगत पसंद को सामाजिक परिवर्तन के अध्ययन में महत्त्व नहीं दिया जाता।

(A) (A) सही है, पर (R) गलत है

(B) (A) गलत है, पर (R) सही है

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं


**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

*(iii)* Based on the following, identify the correct option :

Assertion (A) : In French Revolution, the rule of the emperor came to an end suddenly.

Reason (R) : Revolution is a sudden and abrupt overthrow of the existing social order.

(A) (A) is true, but (R) is false

(B) (A) is false, but (R) is true

(C) Both (A) and (R) are true

(D) Both (A) and (R) are false

निम्न के आधार पर सही विकल्प को पहचानिए :

दावा (A) : फ्रांस की राज्यक्रांति में सम्राट की सत्ता एकदम समाप्त हो गई थी।

तर्क (R) : मौजूदा सामाजिक व्यवस्था को अचानक और आकस्मिक उखाड़ फेंके जाने की स्थिति क्रांति होती है।

(A) (A) सही है, पर (R) गलत है

(B) (A) गलत है, पर (R) सही है

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं

*(iv)* Based on the following, identify the correct option :

Assertion (A) : The notion of development is not a recent phenomenon.

Reason (R) : It is a strategy of unplanned social change.

(A) (A) is true, but (R) is false

(B) (A) is false, but (R) is true

(C) Both (A) and (R) are true

(D) Both (A) and (R) are false


**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

निम्न के आधार पर सही विकल्प को पहचानिए :

दावा (A) : विकास की अवधारणा हाल ही के वर्षों में विकसित नहीं हुई है।

तर्क (R) : यह एक अनियोजित सामाजिक परिवर्तन की रणनीति होती है।

(A) (A) सही है, पर (R) गलत है

(B) (A) गलत है, पर (R) सही है

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं

*(v)* Based on the following, identify the correct option :

Assertion (A) : Socialization is a social process.

Reason (R) : It helps the child to grow and develop physically and mentally.

(A) (A) is true, but (R) is false

(B) (A) is false, but (R) is true

(C) Both (A) and (R) are true

(D) Both (A) and (R) are false

निम्न के आधार पर सही विकल्प को पहचानिए :

दावा (A) : समाजीकरण एक सामाजिक प्रक्रिया है।

तर्क (R) : यह बच्चे की शारीरिक और मानसिक वृद्धि और विकास में सहायता करती है।

(A) (A) सही है, पर (R) गलत है

(B) (A) गलत है, पर (R) सही है

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

*(vi)* Based on the following, identify the correct option :

Assertion (A) : The agents of socialization are school, family, social norms and values of society.

Reason (R) : These are egalitarian forces.

(A) (A) is true, but (R) is false

(B) (A) is false, but (R) is true

(C) Both (A) and (R) are true

(D) Both (A) and (R) are false

निम्न के आधार पर सही विकल्प को पहचानिए :

दावा (A) : समाजीकरण के माध्यम विद्यालय, परिवार, सामाजिक प्रतिमान तथा समाज के नैतिक मूल्य होते हैं।

तर्क (R) : ये समतामूलक शक्तियाँ हैं

(A) (A) सही है, पर (R) गलत है

(B) (A) गलत है, पर (R) सही है

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं

**24.** Match Column—A with Column—B (any *four*) : 1×4=4

| *Column—A* | *Column—B* |
|---|---|
| *(a)* Family in which one is born | *(i)* Functions of a family |
| *(b)* A form of family based on residence | *(ii)* Family of orientation |
| *(c)* Socialization of children and enculturation | *(iii)* Urbanization |
| *(d)* Families where husband and wife both are earning but don't have children | *(iv)* Avunculocal |
| *(e)* A factor that has brought changes in the family | *(v)* Familistic organization |
| *(f)* Joint family in India is a | *(vi)* DINKS |



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

कॉलम—A का कॉलम—B से मिलान कीजिए (कोई **चार**) :

| **कॉलम—*A*** | **कॉलम—*B*** |
|---|---|
| *(a)* परिवार जिसमें व्यक्ति का जन्म हुआ है | *(i)* परिवार के प्रकार्य |
| *(b)* निवास स्थान पर आधारित परिवार का प्रकार | *(ii)* अभिविन्यास का परिवार |
| *(c)* बच्चों का समाजीकरण और संस्कृतिकरण | *(iii)* शहरीकरण |
| *(d)* ऐसे परिवार, जिनमें पति और पत्नी दोनों की आय होती है, लेकिन उनका कोई बच्चा नहीं होता | *(iv)* मातुल स्थानीय (एवन्क्युलोकल) |
| *(e)* एक कारण जो परिवार में परिवर्तन लाता है | *(v)* यह एक परिवारवादी संगठन है |
| *(f)* भारत में संयुक्त परिवार है एक | *(vi)* DINKS |

**25.** Read the passage carefully and then answer the questions that follow (any *four*) : 1×4=4

The followers of Judaism are known as Jews. The ancient Indian settlements of Jews are in Cochin and Maharashtra. The Jews of Cochin have maintained their religious identity for at least a millennium. It was in 1020 AD that the King of Cochin gave the Jews the right to live and enjoy privileges, such as the right to ride elephants and to go with a state umbrella, etc. Later, the Jews came to be divided into two groups—the White Jews, who were lighter in their skin color and traced their kinship to the original migrants and the Black Jews who were dark skinned.

By contrast the Jews in Maharashtra are large in number. These Jews are known as Bene Israel, i.e., Sons of Israel. They live in several Konkani—speaking villages as oil pressers, since oil pressing is not a prestigious occupation, they do not rank high in their villages. As they do not work on Saturdays, they are also known as Saturday Oilmen.

*(a)* Name the religion of the Jews. 1

*(b)* Name the ancient Indian settlements of the Jews. 1

*(c)* Mention the rights and privileges granted by the King of Cochin for the Jews. 1

*(d)* Differentiate between the 'White Jews' and 'Black Jews'. 1

*(e)* What were the Jews of Maharashtra called? 1

*(f)* Why were the Jews of Maharashtra also called 'Saturday Oilmen'? 1



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

नीचे लिखे गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और फिर दिए गए किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

यहूदी धर्म के मानने वालों को यहूदी कहते हैं। पुराने भारतीय यहूदियों के घर या आवास कोचीन एवं महाराष्ट्र में हैं। कोचीन के यहूदियों ने अपनी पहचान कम-से-कम एक मिलेनियम से बना रखी है। कहते हैं कि 1020 शताब्दी में कोचीन के राजा ने यहूदियों को जीवन-निर्वाह का अधिकार व विशेष अधिकार दिए थे। इन विशेष अधिकारों में हाथी की सवारी और राजकीय छतरी को लेकर चलना था। बाद में ये यहूदी दो समूहों में बँट गये—पहला समूह श्वेत यहूदी जिनकी त्वचा सफ़ेद थी और जो अपने आपको मौलिक यहूदी मानते थे, दूसरा समूह वह जिनका रंग काला था।

महाराष्ट्र में यहूदियों की संख्या अधिक है। ये बेने इजराइल यानी इजराइल के पुत्र कहलाते हैं। कोंकणी भाषा बोलने वाले कुछ गाँवों में ये रहते हैं और तेल का धंधा करते हैं क्योंकि तेली का धंधा प्रतिष्ठित व्यवसाय नहीं है, इन्हें गाँवों में ऊँचा दर्जा नहीं दिया जाता है। ये शनिवार को काम नहीं करते अतः इन्हें शनिवारी तेली भी कहते हैं।

(क) यहूदियों के धर्म का नाम लिखिए।

(ख) पुराने समय में भारत में यहूदियों की बस्तियों के नाम लिखिए।

(ग) कोचीन के राजा द्वारा यहूदियों को दिए गए अधिकारों व विशेष अधिकारों का उल्लेख कीजिए।

(घ) 'श्वेत यहूदी' और 'काले यहूदी' में अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ङ) महाराष्ट्र के यहूदी क्या कहलाते थे?

(च) महाराष्ट्र के यहूदी 'शनिवारी तेली' भी क्यों कहे जाते थे?

## SECTION—B
## खण्ड—ख

Answer the following questions in around *80* to *120* words each :

निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *80* से *120* शब्दों में लिखिए :

**26.** What is functionalist perspective in Sociology? 2

समाजशास्त्र में कार्यक्षम विधि (प्रकार्यात्मक परिप्रेक्ष्य) क्या है?

**27.** Distinguish between hypergamy and hypogamy. 2

अनुलोम और प्रतिलोम विवाह में अंतर स्पष्ट कीजिए।

*Or / अथवा*

Distinguish between 'natural inequalities between people' and 'social inequalities'.

'लोगों में प्राकृतिक गैर-बराबरी' और 'सामाजिक गैर-बराबरी' में अंतर स्पष्ट कीजिए।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**28.** According to Karl Marx, what is the difference between a ruling class and a service class? 2

कार्ल मार्क्स के अनुसार, शासक वर्ग और सेवा वर्ग में क्या अंतर होता है?

**29.** What was the task and recommendation of the Mandal Commission that was instituted in 1979? 2

मण्डल कमीशन, जो 1979 में गठित हुआ था, उसका उद्देश्य और सिफारिश क्या थीं?

**30.** State how mores function as social control agents. 2

लोकाचार सामाजिक नियंत्रण एजेंट के रूप में किस प्रकार काम करते हैं?

**31.** Explain the political causes of poverty. 2

गरीबी के राजनैतिक कारणों का उल्लेख कीजिए।

*Or / अथवा*

Explain the second stage of population transition.

जनसंख्या संक्रमण की दूसरी अवस्था का वर्णन कीजिए।

Answer the following questions in around *150* to *200* words each :

निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* से *200* शब्दों में लिखिए :

**32.** Discuss the relationship between Sociology and Economics. 3

समाजशास्त्र एवं अर्थशास्त्र के बीच संबंध का उल्लेख कीजिए।

**33.** Discuss interviews as a technique of data collection. 3

साक्षात्कार आँकड़े एकत्र करने की एक तकनीक है, इस पर चर्चा कीजिए।

**34.** Mention the features of Westernization. 3

पश्चिमीकरण की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

**35.** "School and educational institutions are important agents of socialization." Justify. 3

''विद्यालय और शैक्षणिक संस्थाएँ समाजीकरण के महत्त्वपूर्ण माध्यम हैं।'' विवेचना कीजिए।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

*Or / अथवा*

Discuss family as an agent of socialization. ½×6=3

परिवार समाजीकरण का एक माध्यम है। उल्लेख कीजिए।

**36.** Explain the purpose of social control. 3

सामाजिक नियंत्रण के अभिप्राय (उद्देश्य) का वर्णन कीजिए।

*Or / अथवा*

Differentiate between informal and formal means of social control.

सामाजिक नियंत्रण के अनौपचारिक और औपचारिक साधनों में अंतर स्पष्ट कीजिए।

**37.** Justify with suitable reasons as to why Scheduled Tribes are facing an identity crisis. 3

अनुसूचित जनजातियाँ अपनी पहचान के संकट से क्यों जूझ रही हैं, उचित कारणों से औचित्य सिद्ध कीजिए।

**38.** Discuss the prohibitive rules of marriage in the selection of marital partners. 3

जीवन-साथी के वरण के लिए विवाह के निषेधात्मक नियमों की चर्चा कीजिए।

*Or / अथवा*

Discuss Weber's idea of 'Ruling class' as opposed to Karl Marx.

कार्ल मार्क्स के 'शासक वर्ग' के बारे में दिए गए विचारों से अलग वेबर की आलोचना पर चर्चा कीजिए।

Answer the following questions in around *400* to *500* words each :

निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *400* से *500* शब्दों में लिखिए :

**39.** Describe the socio-economic problems of population explosion. (Any *five* points) 1×5=5

जनसंख्या विस्फोट की सामाजिक-आर्थिक समस्याओं का वर्णन कीजिए। (कोई **पाँच** बिंदु)

**40.** Identify and explain the changes brought about in the functions of a family. 5

परिवार के कार्यों में आए परिवर्तनों को पहचानिए और उनका उल्लेख कीजिए।

*Or / अथवा*

Define joint family. Highlight the characteristics of a joint family system.

संयुक्त परिवार को परिभाषित कीजिए। संयुक्त परिवार प्रणाली की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।



**Unnati Educations**

**9899436384, 9654279279**

OPTIONAL MODULE–I

**( Status of Women )**

वैकल्पिक मॉड्यूल–I

**( महिलाओं का सामाजिक स्तर )**

**41.** Name the reformer whose name is associated with the Child Marriage Restraint Act of 1929. 1

(A) Raja Ram Mohan Roy
(B) Ishwar Chandra Vidyasagar
(C) Har Bilas Sarda
(D) Dayanand Saraswati

बाल विवाह निरोधक अधिनियम, 1929 किस सुधारक के नाम के साथ जुड़ी है?

(A) राजा राम मोहन राय
(B) ईश्वरचन्द्र विद्यासागर
(C) हरबिलास शारदा
(D) दयानंद सरस्वती

**42.** Who founded Maharashtra's first school for Dalit girls? 1

(A) Maharshi Karve
(B) Jyotiba Phule
(C) B. R. Ambedkar
(D) Pandita Ramabai

महाराष्ट्र में दलित लड़कियों के लिए पहले विद्यालय की स्थापना किसने की?

(A) महर्षि कर्वे
(B) ज्योतिबा फुले
(C) बी० आर० अंबेडकर
(D) पंडिता रमाबाई

**43.** Which Act confers, self-earned property with equal share in ancestral property, rights on women? 1

(A) The Dowry Prohibition Act of 1961
(B) The Equal Remuneration Act, 1976
(C) The Hindu Marriage Act of 1955
(D) The Hindu Succession Act, 1956



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

स्त्रियों का अधिकार स्व-अर्जित सम्पत्ति पर है और स्त्रियों को पुश्तैनी सम्पत्ति पर समान अधिकार है। यह किस अधिनियम के अंतर्गत आता है?

(A) दहेज निषेध अधिनियम, 1961

(B) समान वेतन अधिनियम, 1976

(C) हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955

(D) हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956

*Or / अथवा*

Which of the following Acts provides for payment of equal wages for men and women for equal work?

(A) The Dowry Prohibition Act of 1961

(B) The Equal Remuneration Act, 1976

(C) The Hindu Marriage Act of 1955

(D) The Hindu Succession Act, 1956

निम्नलिखित में से कौन-से अधिनियम के अनुसार पुरुष व स्त्री को समान काम करने के लिए समान वेतन का प्रावधान है?

(A) दहेज निषेध अधिनियम, 1961

(B) समान वेतन अधिनियम, 1976

(C) हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955

(D) हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956

**44.** The sex ratio in India as per 2001 Census is _____.

(Fill in the blank) 1

सन् 2001 की जनगणना के अनुसार, भारत में लिंग अनुपात _____ है।

(रिक्त स्थान भरिए)

**45.** A woman in the *Mahabharata* who exhibited a greater sense of independence and courage was main heroine _____.

(Fill in the blank) 1

*महाभारत* की मुख्य नायिका _____ को एक साहसी और स्वतन्त्र स्त्री के रूप में रखा है।

(रिक्त स्थान भरिए)



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

*Or / अथवा*

During the period of _____, child marriage was encouraged and widow marriage was looked down upon.

(Fill in the blank)

_____ के युग में बाल-विवाह को बढ़ावा दिया जाता था और विधवा विवाह को हीन दृष्टि से देखा जाता था।

(रिक्त स्थान भरिए)

**46.** The marriage in which a man has more than one wife

(Define in *one* word) 1

ऐसा विवाह, जिसमें एक व्यक्ति की एक से अधिक पत्नियाँ हों

(एक शब्द में परिभाषित कीजिए)

*Or / अथवा*

_____ refers to the number of females per 1000 males.

(Fill in the blank)

_____ बताता है, प्रति 1000 पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या।

(रिक्त स्थान भरिए)

**47.** Feminists use terms such as patriarchy, male domination, female subordination, etc., to explain gender discrimination.

(Write True or False) 1

महिलावादी ऐसी अवधारणाओं को काम में लाते हैं जैसे कि पितृसत्तात्मकता, पुरुष प्रभुत्व, स्त्री अधीनस्थता आदि जिनसे लैंगिक भेदभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

(सही या गलत लिखिए)

**48.** Differentiate between organized and unorganized sectors. 2

संगठित और असंगठित क्षेत्रों में अंतर स्पष्ट कीजिए।

*Or / अथवा*

Under what circumstances can gender equality be achieved?

किन परिस्थितियों के अंतर्गत लैंगिक समानता को प्राप्त किया जा सकता है?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**49.** The National Policy of Education, 1986 laid down that gender discrimination must be completely eliminated from the educational system, yet it persists. Give reasons. (Any *five* points) 1×5=5

1986 में बनी राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने यह बहुत स्पष्ट रूप से कहा है कि लैंगिक भेदभाव को शिक्षा व्यवस्था से एकदम हटा देना चाहिए पर अभी तक यह कायम है। इसके कारण लिखिए। (कोई **पाँच** बिंदु)

*Or / अथवा*

In Independent India, certain legislative steps were taken to improve the status of women. Examine and discuss the impact/effectiveness of these policies on their status. (Any *five* points) 1×5=5

स्वतन्त्र भारत में महिलाओं की स्थिति में सुधार के लिए कुछ विधायी कदम उठाए गए। उनकी स्थिति पर इन नीतियों के प्रभाव/प्रभावशीलता की जाँच और चर्चा कीजिए। (कोई **पाँच** बिंदु)

## OPTIONAL MODULE–II

## ( Indian Culture )

## वैकल्पिक मॉड्यूल–II

## ( भारतीय संस्कृति )

**41.** Which of the following activities do you think best exemplifies Indian culture? 1

(A) High five (B) Fist bump

(C) Shaking hands (D) Touching elders' feet

आपके अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि भारतीय संस्कृति का सबसे अच्छा उदाहरण है?

(A) हाइ फाइव (B) फिस्ट बम्प

(C) हाथ मिलाना (D) बड़ों के पैर छूना

**42.** Based on the following, identify the correct option : 1

Assertion (A) : Culture is a way of life that is common to a group of people.

Reason (R) : It includes a collection of beliefs and attitudes, shared understanding and patterns of behaviour.

(A) (A) is true, but (R) is false

(B) (A) is false, but (R) is true

(C) Both (A) and (R) are true

(D) Both (A) and (R) are false



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

निम्न के आधार पर सही विकल्प को पहचानिए :

दावा (A) : एक जनसमूह द्वारा अपनाई गई जीवन-शैली का समग्र रूप संस्कृति होता है।

तर्क (R) : इसमें विश्वासों और दृष्टिकोणों का एक संग्रह, साझा समझ और व्यवहार के तरीके शामिल हैं।

(A) (A) सही है, पर (R) गलत है

(B) (A) गलत है, पर (R) सही है

(C) (A) और (R) दोनों सही हैं

(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं

**43.** 'Ploughs, sickle, musical instruments, etc.,' relate to which of the following? 1

(A) Culture is space bound

(B) Culture is time bound

(C) Material culture

(D) Non-material culture

'हल, हँसिया, गायन-वाद्य-यंत्र, इत्यादि' निम्न में से किससे संबंधित हैं?

(A) संस्कृति स्थानबद्ध है

(B) संस्कृति समयबद्ध है

(C) भौतिक संस्कृति

(D) अभौतिक संस्कृति

*Or / अथवा*

"All human beings have technology to manipulate their natural environment to sustain their life." Identify to which of the following characteristics of culture it belongs.

(A) Culture is universal

(B) Culture is stable, yet it is also dynamic

(C) Culture is learned behaviour

(D) None of the above



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

"सभी मानव अपने जीवन को बनाए रखने के लिए अपने प्राकृतिक वातावरण को अपने अनुकूल बनाने की तकनीक जानते हैं।" यह निम्न में से संस्कृति की किस विशेषता से संबंधित है, पहचानिए।

(A) संस्कृति सार्वभौमिक है

(B) संस्कृति स्थिर है, और फिर गतिशील भी है

(C) संस्कृति एक सीखा हुआ व्यवहार है

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**44.** _____ is a process of education without a formal school.

(Fill in the blank) 1

_____ बिना औपचारिक स्कूल के चलने वाली एक सहज शिक्षा प्रक्रिया है।

(रिक्त स्थान भरिए)

**45.** Time and _____ make culture dynamic.

(Fill in the blank) 1

समय और _____ संस्कृति को गतिशील बनाते हैं।

(रिक्त स्थान भरिए)

*Or / अथवा*

Something which is not inherited but gained through effort or over time or both is _____.

(Fill in the blank)

कुछ भी जो परंपरा से प्राप्त न हो अपितु प्रयत्न द्वारा या एक समय में या दोनों द्वारा प्राप्त की गयी हो उसे _____ कहते हैं।

(रिक्त स्थान भरिए)

**46.** The art and science of designing and erecting buildings

(Define in *one* word) 1

भवन की डिज़ाइनिंग व निर्माण की कला और विज्ञान

(एक शब्द में परिभाषित कीजिए)

*Or / अथवा*

A formal account in writing systematically of some subjects

(Define in *one* word)

किसी विषय का व्यवस्थित रूप से लिखित में औपचारिक विवरण

(एक शब्द में परिभाषित कीजिए)



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**47.** Norms are not a standard model or pattern regarded as typical for a specific group of people.

(Write True or False) 1

आदर्श प्रतिमान एक विशिष्ट जन-समुदाय के लिए खास तरीके या स्तर की आदर्श बातें नहीं हैं।

(सही या गलत लिखिए)

**48.** After political liberation, what steps were taken by the Government of India to promote science and technology? (Write any *two* points) 1×2=2

राजनीतिक स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने विज्ञान और तकनीक को प्रोत्साहित करने के लिए कौन-से कदम उठाए? (किन्हीं **दो** का उल्लेख कीजिए)

*Or / अथवा*

Explain the *two* distinct schools that emerged in Indian architecture. 1×2=2

भारतीय वास्तुकला के **दो** भिन्न समूहों की व्याख्या कीजिए।

**49.** "During the Mughal period, fine art rose to a standard of considerable excellence." Justify with suitable examples. (Any *five* points) 1×5=5

''मुगल काल में ललित कला महत्त्वपूर्ण उत्कर्ष के स्तर पर जा पहुँची थी।'' उदाहरण सहित औचित्य सिद्ध कीजिए। (कोई **पाँच** बिंदु)

*Or / अथवा*

"The paintings of Ancient India are master pieces of all times." Justify with suitable examples. (Any *five* points) 1×5=5

''प्राचीन भारत की चित्रकारी सभी कालों में अभिनव रही है।'' उचित उदाहरण देकर इसका औचित्य सिद्ध कीजिए। (कोई **पाँच** बिंदु)

★ ★ ★



Unnati Educations
9899436384, 9654279279